कोटद्वार, बुधवार
7 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 103 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### इलेक्ट्रिक बसों की तरह मिले सिटी बसों को सब्सिडी

देहरादून। महानगर सिटी बस सेवा सोसाइटी से जुड़े बस संचालक सीएनजी या यूरो–6 की नई बसें खरीदने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए उन्होंने स्मार्ट सिटी की इलेक्ट्रिक बसों की तर्ज पर प्रति किमी सब्सिडी की मांग की है। उन्होंने सरकार से बस खरीद पर सब्सिडी देने के बजाय किलोमीटर पर सब्सिडी देने की योजना लागू करने की मांग की है। सोसाइटी के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और परिवहन सचिव को भेजे पत्र में कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को सरकार की तरफ से 66 रुपये 78 पैसे प्रति किमी सब्सिडी दी जा रही है। यदि सिटी बस संचालकों को 45 रुपये प्रति किमी सब्सिडी दी जाती है, तो संचालक अपनी पुरानी बसों को बदलकर उनकी जगह नई सीएनयी या यूरो–6 बसें लाने को तैयार हैं। उन्होंने सरकार से जल्द ही इस विचार कर योजना बनाने की मांग की है। कहा कि इससे जहां शहर में स्वच्छ ईंधन की बसें सड़क पर उतरेगी, वहीं, यात्रियों को सफर में सुविधा होगी।

### रुड़की में सफदरजंग अस्पताल के विंग प्रबंधक की मौत

रुड़की। दिल्ली–हरिद्वार बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बुलेट सवार तीन युवकों को कुचल दिया। दुघर्टना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मृतक सफदरजंग अस्पताल दिल्ली में प्रबंधक के पद पर कार्यरत था। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात के समय सूचना मिली कि नगला इमरती बाईपास मार्ग पर किसी वाहन ने बुलेट सवार तीन युवकों को कुचल दिया है। तीनों की हालत गंभीर है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दो को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया। रुड़की कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अभिनव शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान राहुल (38) निवासी उस्मानपुरा थाना शास्त्रीपुरम नई दिल्ली के रूप में हुई है। फोन पर उसके स्वजन ने बताया कि राहुल सफदरजंग अस्पताल में एक विंग का प्रबंधक है। इसके अलावा संदीप एवं अनिल निवासी दिलशाद गार्डन नई दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव को ले गए। जानकारी मिली है कि तीनों हरिद्वार बुलेट पर सवार होकर गंगा स्नान करने के लिए सोमवार की शाम को दिल्ली से निकले थे। इस संबंध में अभी तक किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### 70 वर्ष पुराने दो मकान गिरे, एक पुलिसकर्मी समेत आठ लोग मलबे में दबे

वाराणसी , उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दो जर्जर मकानों के जमींदोज होने से हडकंप मच गया। एक पुलिसकर्मी समेत आठ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। यह घटना थाना चौक क्षेत्र में काशी विश्वनाथ मंदिर के पास खोया गली की है। फिलहाल मौके पर एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है। पांच लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। वहीं इस घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए कबीरचौरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मकान लगभग 70 साल पुराने थे। हादसे की सूचने मिलने के तुरंत बाद एनडीआरएफ और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम और डॉग स्क्वॉड भी मौके पर है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। गली ज्यादा तंग है, इसलिए रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आ रही हैं। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल शर्मा ने बताया कि गिरने वाले दोनों मकान जर्जर थे। यह बारिश की वजह से गिर गए।

### लुधियाना में स्कूल बस पेड़ से टकराई, हादसे में एक बच्चे की मौत; 5 छात्र घायल

लुधियाना , पंजाब के लुधियाना के अंतर्गत जगराओं में मंगलवार को एक हादसा हो गया। सुबह 7:30 बजे करीब रायकोट से जगराओं आ रही एक प्राइवेट स्कूल की वैन साइंस कॉलेज के नजदीक बेकाबू होकर वृक्ष से जा टकराई। इस हादसे में 6 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई, जबकि 5 बच्चे घायल हो गए। सभी घायल छात्रों को जगराओं के प्राइवेट कल्याणी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल करवाया गया है। जानकारी के अनुसार जगराओं के एक प्राइवेट स्कूल की वैन गांव अखाड़ा डला आदि गांवों से स्कूल में पढने वाले बच्चों को लेकर स्कूल के लिए आ रही थी।

# श्री केदारनाथ के लिए हेली सेवा से यात्रा पर टिकटों में 25 फीसदी छूट देगी सरकार : धामी

**● मुख्यमंत्री ने किया अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण, अफसरों को जल्द जनजीवन सामान्य बनाने के दिए निर्देश**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रुद्रप्रयाग जनपद के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों राहत एवं बचाव कार्यों तथा पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इससे पहले उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेली सेवा के माध्यम से दर्शन करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को किराए में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, जिसका वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यात्रा शुरू करने के लिए किए जाने वाले कार्यों में भी स्थानीय लोगों से सुझाव एवं सहयोग की भी अपील की। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़े सभी विभागों की समीक्षा करते हुए अतिवृष्टि से हुयी क्षति की जानकारी ली। वहीं सभी विभागों को यात्रा शुरू करने के लिए उनके स्तर से किए जा रहे प्रयासों एव तैयारियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन सामान्य बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मार्गों, पेयजल एवं विद्युत लाइनों को यथाशीघ्र बहाल किया जाए। मुख्यमंत्री ने श्री केदारनाथ धाम पैदल यात्रा को शीघ्र शुरू किए जाने, श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवा को बुधवार से ही शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने रामपुर जीएमवीएन में स्थानीय लोगों से संवाद



के दौरान उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रभावितों की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने इन कठिन परिस्थितियों में सरकार और प्रशासन द्वारा संचालित रेस्क्यू अभियान में कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग के लिए स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने केंद्र सरकार का भी आभार जताते हुए कहा कि अतिवृष्टि के बाद से ही केंद्रीय सरकार द्वारा चिनूक व एमआई हेलीकॉप्टर सहित हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग श्रीमती अमरदेई शाह, राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा आशा नौटियाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. पंकज पांडेय, सचिव आपदा प्रबन्धन विनोद कुमार सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल के.एस. नगन्याल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 2 हजार श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का रेस्क्यू किया

रूद्रप्रयाग : मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अतिवृष्टि से भू-स्खलन होने से 29 स्थानों पर पैदल एवं सड़क मार्ग कटा हुआ है। इसके अतिरिक्त पेयजल व विद्युत की लाइनों सहित बड़ी मात्रा में सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा। कुछ स्थानों पर दूरसंचार की सेवाएं भी बाधित हुई हैं। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि की घटना के बाद से ही जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन तथा एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित अन्य संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों, पंडा समाज, तीर्थ पुरोहित, धार्मिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े संगठनों ने मिलकर इस आपदा में पूरे मनोयोग से इस रेस्क्यू अभियान में फंसे हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड समय में लगभग 12 हजार श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया है। रेस्क्यू अभियान लगभग पूर्ण हो चुका है।

### गदेरे में डूबने से दो युवकों की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के कोट ब्लॉक के गदरे में नहाते समय दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने दोनों युवकों के शव बरामद कर लिये है। युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक विजय पंत ने बताया कि खडेथ तल्ला के 18 वर्षीय प्रियांशु और 19 वर्षीय रविन्द्र बीते सोमवार को किसी काम से कोट ब्लॉक गए थे। शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार और ग्रामीणों ने दोनों युवकों की तलाश की। पता चला कि वे ब्लॉक में काम निपटाकर वापस चले गए थे। खोजबीन के दौरान युवकों की बाइक गैंठीछेड़ा गदेरे के पास खड़ी मिली। यहां पर उनके कपड़े मिले। उनके गदेरे में डूबने की आशंका पर सूचना कंट्रोल रूम को दी गई। जिस पर राजस्व पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। एक युवक का शव देर रात बरामद किया गया। जिसकी पहचान रविन्द्र सिंह के रूप में हुई है। रात होने के चले रेस्क्यू अभियान को रोक दिया गया था। मंगलवार को चले रेस्क्यू अभियान के दौरान प्रियांशु का शव भी बरामद कर लिया है।

# एक दिन के निलंबन के बाद अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू



जम्मू ,अमरनाथ यात्रा एक दिन के निलंबन के बाद मंगलवार को फिर से शुरू हो गई है। 1,873 यात्रियों का एक और जत्था जम्मू से उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 29 जून को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से अब तक करीब पांच लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। अधिकारियों ने बताया, आज कोई भी यात्री काफिला दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप नहीं जा रहा है। 1,873 यात्रियों को लेकर 69 वाहनों का सिर्फ़ एक सुरक्षा काफिला जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से सुबह 3.25 बजे उत्तर कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। आज कोई भी यात्री नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप नहीं जा रहा है। अब सिर्फ़ ह्यछड़ी मुबारकह्न (भगवान शिव की छड़ी) को पारंपरिक पहलगाम मार्ग से गुफा मंदिर तक ले जाया जाएगा। छड़ी मुबारक 14 अगस्त को पहलगाम से गुफा मंदिर के लिए रवाना होगी।

पुलिस और सीएपीएफ सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा बल, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए जम्मू से लेकर दोनों बेस कैंप तक 350 किलोमीटर से अधिक लंबे मार्ग पर चौबीसों घंटे ड्यूटी कर रहे हैं। इसके अलावा, यात्रियों की सुरक्षा के लिए पारगमन शिविरों, आधार शिविरों और गुफा मंदिर में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा के चरणों के साथ घटती–बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि यह बर्फ की संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है। यह गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग 48 किलोमीटर लंबा है।

### अगला टारगेट मुकेश अंबानी, एमपी में मिली धमकी वाली पर्ची से मचा हडकंप

नई दिल्ली , ग्वालियर में आज अचलेश्वर महादेव की दान पेटी खोलने के दौरान उस समय हडकंप मच गया, जब दान पेटी में मुकेश धीरूभाई अंबानी को धमकी दी गई। जब दान की रकम की गिनती की गई तो एक स्टांप पर लिख हुआ था कि मेरा अगला टार्गेट मुकेश धीरुबाई अंबानी। स्टांप पर पता भी लिखा हुआ है, जिसमें मनोज शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा निवासी बालाजी विहार गुढ़ी गुढ़ा का नाका, कंपू ग्वालियर लिखा हुआ है। स्टांप निकलने के बाद मंदिर प्रबंधन ने इसे पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह स्टांप तब निकला जब अचलेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटियों में आए दान की रकम की गिनती की जा रही थी। अचलेश्वर संचालन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय एनके मोदी के निर्देशन पर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मंदिर में लगे चौदह दानपात्रों के ताले खोले गए। गिनती के लिए पहले नोटों को छांटकर उनकी गड्डियां बनाईं गईं। उसके बाद नोटों की गिनती की गई। मंदिर के प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस माह चढ़ौत्री के रूप में छह लाख 53 हजार 450 रुपये की राशि निकली है। मुकेश अंबानी को धमकी वाली पर्ची को निकालकर उसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। मुकेश अंबानी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक हैं। भारत में भी मुकेश अंबानी सबसे अमीर शख्सियतों में गिने जाते हैं। यही कारण है कि सोमवार को जब उनको धमकी देने वाला पत्र मंदिर के दानपात्र में मिला तो हडकंप मच गया। इस हडकंप के बाद अब पुलिस ऐक्शन में आई है। मामले की जांच की जा रही है।

# केदारघाटी में युद्ध स्तर पर जारी है सड़कों को खोलने का काम : महाराज

**● केदार घाटी के पड़ावों में फंसे लगभग सभी यात्री सुरक्षित निकाले**
**● पर्यटन मंत्री बोले मार्ग खुलते ही शुरू हो जायेगी केदारनाथ यात्रा**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि केदारनाथ पैदल मार्ग और हाईवे को शीघ्र सुचारु करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है मार्ग खुलते ही पुनः केदारनाथ यात्रा प्रारम्भ कर दी जाएगी।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि 31 जुलाई की रात्रि में अतिवृष्टि के चलते केदार घाटी में रास्ते क्षतिग्रस्त होने से विभिन्न पड़ावों पर फंसे हुए लगभग सभी तीर्थ यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन सहित अन्य सुरक्षा बलों ने लगातार रेस्क्यू अभियान चला कर सुरक्षित निकाल लिया है। केदारनाथ पैदल मार्ग और हाईवे को शीघ्र सुचारु करने के लिए राज्य सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है मार्ग खुलते ही पुनः केदारनाथ यात्रा प्रारम्भ कर दी



जाएगी। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने कहा कि केदार घाटी के विभिन्न पड़ावों में फंसे 11775 श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों का सुरक्षित रेस्क्यू कर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने निकाला लिया है। लेकिन इसके बावजूद भी टीमें अभी भी केदारनाथ, लिनचोली, भीमबली, सोनप्रयाग, शेरसी, गुप्तकाशी एवं चैमासी सहित अन्य पड़ावों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जहां बीकेटीसी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों का भी पूर्ण सहयोग रहा, वहीं जीएमवीएन एवं स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर भोजन भी उपलब्ध करवाया गया। राहत एवं बचाव कार्य में वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भी विशेष भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर आई आपदा के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित अन्य सुरक्षा बल लगातार रेस्क्यू अभियान चलाकर यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास करते रहे तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष संकट की इस घड़ी में सहयोग करने के बजाय सरकार पर दोषारोपण की राजनीति करता रहा।

**हिमाचल में प्रकृति का कहर जारी**

# लाहौल-स्पीति बादल फटने से मची तबाही

शिमला ,। हिमाचल प्रदेश में प्रकृति का कहर जारी है। लाहौल–स्पीति में एक बार फिर बादल फटने की घटना सामने आई है। भारी बारिश से डांग और शिचिलिंग गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। आम जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। बादल फटने से लोगों के सामने कई सारी समस्या खड़ी हो गई हैं। रोजमर्रा की चीजों के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। बादल फटने की वजह से कई सारी सडकें बाधित हो गई हैं। राहगीर घंटों जाम में फंसे हुए नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, लौह–स्पीति में एनएच–505 पर माने डांग और शिचिलिंग की पहाडियों में बादल फट गया। इसकी वजह से यहां बहने वाले नालों में पानी का बहाव तेज हो गया और अचानक बाढ़ आई। मौसम के ऐसे रौद्र रूप से नदी–नाले उफान पर हैं। घर, खेत और दुकान सभी जगह पानी का सैलाब



है। स्पीति के सगनम गांव में जगह–जगह चट्टानें बिखरी हुई नजर आ रही हैं। आसपास का पूरा इलाका मलबे से ढका हुआ दिखाई दे रहा है। लाहौल स्पीति पर कुदरत की मार से स्थानीय लोग बेहद चिंतित हैं। उन्हें अपने सुरक्षा की चिंता सता रही है। मौसम विभाग ने अगले सप्ताह तक भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

बता दें कि हिमाचल में बादल फटने से अब तक 10 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं करीब 50 से ज्यादा लोग अब तक लापता हैं। लोगों की खोज जारी है। ड्रोन कैमरे की मदद से लापता लोगों की तलाश की जा रही है। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और चिकित्सक टीम मौजूद हैं। पीड़ित लोगों के लिए खाना–पानी समेत आवश्यक चीजें उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनकी मदद के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। प्रशासन हालात को काबू में करने का लगातार प्रयास कर रहा है।

### सीएम नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

पटना , बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में पटना पुलिस ने आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम जाहिद बताया जा रहा है। कोलकाता के गांगुली स्ट्रीट से पटना पुलिस की विशेष टीम ने उसे कई दिन की पड़ताल के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जाहिद मूल रूप से बेगूसराय का रहने वाला है। वह कोलकाता में फुटपाथ पर दुकान लगाता है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने रिश्तेदारों को फंसाने के लिए ये धमकी भरा मेल किया था। बता दें, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। मेल भेजने की जिम्मेदारी अलकायदा नाम के ग्रुप ने ली थी। 16 जुलाई को पटना स्थित सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल अज्ञात लोकेशन से भेजा गया था। इस मामले में सचिवालय थाना के थानेदार संजीव कुमार के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। साथ ही पुलिस संबंधित ईमेल आईडी के बारे में पता लगाने के लिए साइबर एक्सपर्ट्स की मदद से विशेष जांच कर रही थी। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस मेल को ट्रेस कर आरोपी तक पहुंची।

# वनभूलपुरा में बिजली–पानी देने वाले अफसरों के नाम हाईकोर्ट ने मांगे

नैनीताल। वनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर निर्मित धार्मिक स्थल और मदरसा हटाने के दौरान हुई हिंसा के मामले में हाईकोर्ट ने डीएम नैनीताल से जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि वे कौन अधिकारी थे? जिनके कार्यकाल में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के बाद भी लोगों को बिजली और पानी का कनेक्शन दिया गया और राशन कार्ड जारी किए गए। उन अधिकारियों के खिलाफ प्रशासन ने क्या कार्रवाई की? हल्द्वानी के वनभूलपुरा में सरकारी भूमि पर निर्मित धार्मिक स्थल और मदरसा हटाने के दौरान हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई थी और घायल लोगों को मुआवजा दिलाने के मामले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जनहित में मामले की सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान कहा कि लोगों को वहां रहते हुए कई दशक से हो गए हैं। अब सरकार उनका आशियाना तोड़ रही है। ये मानवता नहीं है। हाईकोर्ट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के 19 फरवरी 2024 के पत्र का स्वतः संज्ञान लिया। प्राधिकरण को हिंसा के दौरान मृत एवं घायल लोगों को मुआवजा देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसमें कहा गया था कि घटना के समय दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

### पीएम मोदी और अमित शाह ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ह्यकंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजीह्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व के साथ–साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों के आपसी संबंधों की भी पहचान है।

पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान



ह्यकंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजीह्न से सम्मानित किए जाने पर बधाई। यह प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का क्षण है। यह राष्ट्रपति के नेतृत्व के साथ–साथ भारत और फिजी के बीच ऐतिहासिक लोगों के आपसी संबंधों की भी पहचान है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यकंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजीह्न से सम्मानित किए जाने पर मेरी हार्दिक बधाई। यह सम्मान न केवल विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाता है, बल्कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है, जो मानवता की भलाई के लिए हमारी साझेदारी की पुष्टि करता है।

### किसान की बदली किस्मत, खेत से मिला बेशकीमती हीरा, इतनी है कीमत

पन्ना ,डायमंड सिटी के नाम से प्रसिद्ध मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आज ग्राम जरुआपुर के किसान दिलीप मिस्त्री को 16.10 कैरेट वजन वाला जेम क्वालिटी का बेशकीमती हीरा मिला है। बीते एक पखवाड़े में पन्ना की उथली खदान से मिला यह दूसरा बड़ा हीरा है। जेम क्वालिटी वाले इस हीरे की अनुमानित कीमत 75 लाख रुपये से भी अधिक बतायी जा रही है। हीरा कार्यालय पन्ना के हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि किसान दिलीप मिस्त्री ने विगत पांच माह पूर्व फरवरी में अपनी निजी कृषि भूमि में हीरा खदान का पट्टा बनवाया था। उसकी इसी खदान से यह बेशकीमती हीरा निकला है, जो उज्जवल किस्म (जेम क्वालिटी) का है।

**बांग्लादेश जैसे हालात को रोकने के लिए कंगना रनौत ने कही ये बड़ी बात**

# अगर समय रहते हमने कदम नहीं उठाया, तो ऐसी स्थिति भारत में भी पैदा हो जाएगी

शिमला ,बॉलीवुड अभिनेत्री व बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश में बाढग्रस्त इलाकों का दौरा करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अगर समय रहते हमने कदम नहीं उठाया, तो ऐसी स्थिति भारत में भी पैदा हो जाएगी।कंगना ने कहा, पिछले कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा है कि भारत में भी इस्लामिक शक्तियां सक्रिय हो रही हैं। हमें पूरी कोशिश करनी है कि भारत में कभी–भी ऐसी शक्तियां सिर ना उठा सके। कंगना ने कहा कि हमें भारत में सनातन को मजबूत करना होगा और सभी लोगों को इसके लिए



जागरूक भी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भय के माहौल में जीने को बाध्य हैं। वहां ईसाई और हिंदुओं को लगातार धमकाया जा रहा है। पहले भारत का बांग्लादेश के साथ मधुर संबंध था, लेकिन अब इस राजनीतिक संग्राम के बाद हमारे रिश्ते बांग्लादेश के साथ भी जटिल हो चुके हैं। वहां आने वाले दिनों में इस्लामिक शक्तियां और ज्यादा उग्र होंगी। उन्होंने आगे कहा, बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। कभी उन पर हमले किए जाते हैं, तो कभी उनके घरों को निशाना बनाया जा रहा है। इनकी गुहार सुनने वाला कोई नहीं। ना ही वहां की पुलिस और ना ही प्रशासन। इसलिए मैं इस बात पर जोर देती हूं कि हम सभी को समस्त विश्व में सनातन का झंडा बुलंद करना चाहिए।

## संपादकीय

# सुलगता अशांत पड़ोस

पड़ोसी देशों में होने वाली अशांति भारत की सुरक्षा के परिपेक्ष्य से अच्छी बात नहीं है। बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों से जो कुछ सत्ता को लेकर शुरू हुआ उसका परिणाम तख्ता पलट के रूप में शामिल आया और आज बांग्लादेश की स्थिति यह है कि पूरा देश अराजकता और हिंसा की आगोश में है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अपना देश छोड़कर फिलहाल भारत की शरण में है और उनके आगे की राह किस देश में जाकर रुकेगी इस पर अभी भी प्रश्न चिन्ह लगे हुए हैं। बांग्लादेश में अशांति और हिंसा के मायने भारत के लिए सामरिक दृष्टि से चिंता की बात है। बांग्लादेश के तख्तापलट में पाकिस्तान और चीन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी गई है और जिस प्रकार से अब वह मार्शल लॉ की तैयारी की जा रही है उससे यह समझना बेहद आसान होगा कि बांग्लादेश की सीमा से अब चीन और पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ साजिशें बुनने का कार्य किस गति से अंजाम दिया जाएगा। बांग्लादेश में जारी हिंसा में अब हिंदुओं को भी टारगेट बनाकर मारा जा रहा है, उनके घरों को आग के हवाले कर दिया स्पष्ट दर्शाता है कि एक नियोजित साजिश और हिंदुओं के प्रति पूर्वाग्रह के तहत बांग्लादेश में उपद्रवियों से इस कार्य को करवाया जा रहा है। भारतीय संसद में बांग्लादेश का मुद्दा उठने के बाद आश्वासन दिया गया है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हितों को भारत सरकार ध्यान में रख रही है, लेकिन सिर्फ संसद में ऐसा बयान देने से वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। जब तक बांग्लादेश में स्थाई सरकार की व्यवस्था नहीं होगी तब तक इस हिंसा पर लगाम कसना संभव नहीं है और कदाचित जिस प्रकार से भीड़ को पूरे देश के अंदर मनमानी करने की छूट दी गई है उसे देखते हुए तो यह काम फिलहाल मुश्किल ही लग रहा है। इस सबके बीच बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं के लिए हर पल एक बड़ा खतरा बना हुआ है। बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के साथ–साथ भारत–बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा भी संवेदनशीलता के दायरे में है, लिहाजा सीमा सुरक्षा बलों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता पलट के बाद सेनाध्यक्ष द्वारा मात्र 45 मिनट देश छोड़ने के लिए दिए गए थे और साथ ही उन्हें हेलीकॉप्टर भी मुहैया कराया गया जहां से उन्हें अगरतला लाया गया और बाद में वे गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर उतरीं। शेख हसीना को शरण देने के मामले में भारत को आने वाले समय में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और यही कारण है कि भारत में अभी तक उनको शरण देने के फैसले पर कोई अंतिम और नहीं लगाई है, बल्कि सरकार भी इसी पक्ष में है कि भारत के प्रति उनका सकारात्मक पक्ष रहने के बावजूद भी किसी दूसरे देश में ही शरण लें। हालांकि सुरक्षा कारणों से कुछ समय तक भारत उन्हें शरण दे सकती है लेकिन इस मुद्दे पर भारत को जल्द से जल्द अपनी स्थिति साफ करनी होगी। दो राय नहीं है कि पंद्रह साल तक बांग्लादेश की सत्ता में रहने वाली शेख हसीना ने बांग्लादेश को आर्थिक दृष्टि से विकास की पटरी पर खड़ा किया। इसी कड़ी में भारत के साथ उनके मधुर संबंध और दृष्टिकोण भी कहीं ना कहीं उनके खिलाफ साजिश रचने वालों को पसंद नहीं आए। भारत की छवि हमेशा से ही एक उदारवादी देश के रूप में जानी पहचानी गई है लेकिन जब बाद पड़ोसी देश से जुड़ी हुई हो तो भावी परिस्थितियों का भी ध्यान रखना काफी आवश्यक होता है। फिलहाल सबसे बड़ा मुद्दा भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को लेकर है। सीमा पर सुरक्षा तैनात करने में भारत सक्षम है लेकिन बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा तभी संभव है जब वहां वार्ता करने लायक कोई व्यवस्था वजूद में आए।

# उत्पीड़न झेला, बलिदान हुए सभी को याद किया जाए

**अवधेश कुमार**

जून 25 यानी आपातकाल लगाने की तिथि को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की नरेन्द्र मोदी सरकार की घोषणा पर आ रही प्रतिक्रियाओं में कुछ तो स्वाभाविक हैं किंतु कुछ आश्चर्य में भी डालने वाली हैं।

कांग्रेस पार्टी इसके विरुद्ध अलग–अलग प्रकार का तर्क दे तो समझ में आता है लेकिन जिन नेताओं और पार्टियों ने आपातकाल के विरु द्ध संघर्ष किया, जिनमें से कई की पहचान आपातकाल विरोधी संघर्ष से ही बनी वो भी खुलकर आपातकाल की आलोचना के लिए तैयार नहीं है। ऐसा वातावरण बना है मानो आपातकाल के विरुद्ध केवल भाजपा हो और बाकी उसे सही मान लिया हो।

जब कांग्रेस सहित ज्यादातर विपक्ष भाजपा संविधान खत्म कर देगी तथा संविधान बचाओ संविधान बचाओ को राजनीति और चुनाव का बड़ा मुद्दा बनाते हैं तो भाजपा के लिए इसका प्रभावी प्रत्युत्तर देना स्वाभाविक है। सब जानते हैं कि देश के वर्तमान ढांचे में संविधान को खत्म कर देना या उसका गला घोंट देना और पूरी राजनीतिक प्रशासनिक ढांचे को आमूल रूप से बदल देना संभव नहीं है। यह झूठ चुनाव में मुद्दा बना तथा एक बड़े वर्ग तक पहुंचा। संविधान खत्म होने के साथ ही आरक्षण खत्म करने की भी बात थी और दोनों एक दूसरे से सन्नद्ध थे।

प्रधानमंत्री मोदी की नीति–अटैक इज द बेस्ट डिफेंस यानी आक्रमण सबसे बड़ा बचाव है–रही है। इस बार के चुनाव में संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा को रक्षात्मक या बचाव की मुद्रा में ज्यादातर समय रहना पड़ा। भाजपा मतदाताओं के एक बड़े वर्ग को समझाने में सफल नहीं रही कि विपक्ष गलत मुद्दा बना रहा है। चुनाव परिणाम के बाद निश्चय ही इस पर विचार हुआ है। ध्यान रखिए की 25 जून को सरकारी कार्यक्रम भले आज घोषित किया गया हो किंतु हर वर्ष देश भर में ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है जो आपातकाल के काले अध्याय को याद करते हुए कार्यक्रम रखते हैं।

आज सपा इस मामले पर खामोश है या प्रश्न उठा रही है किंतु स्वयं मुलायम सिंह यादव आपातकाल विरोधी कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री रहते हुए भी शामिल होते रहे। वर्तमान राजनीति का बड़ा संकट आंदोलनकारियों, संघर्ष से आगे आने वालों और वास्तविक एक्टिविस्टों की संख्या न के बराबर होना है जिस कारण ज्यादातर नेताओं जनप्रतिनिधियों को इसका पता ही नहीं कि 25 जून और 5 जून को याद करने और संकल्प लेने के कार्यक्रम देश में लगातार होते हैं। निश्चित रूप से इस मामले में भाजपा की रणनीति यही है कि आम लोग समझ लें कि संविधान खत्म करने की कोशिश किसने की।

25 जून,1975 को आपातकाल भी संविधान की धारा 352 के तहत लगा

अगर किसी काल में संविधान व्यवहार में खत्म था तो वह आपातकाल का दौर ही था। यद्यपि 25 जून,1975 को आपातकाल भी संविधान की धारा 352 के तहत ही लगा था। आपातकाल लगने के बाद व्यवहार में सारी शक्तियां एक व्यक्ति यानी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी में निहित हो गई थीं। संविधान संशोधन कर ऐसी स्थिति बना दी गई थी कि प्रधानमंत्री के फैसले में उच्चतम न्यायालय भी हस्तक्षेप नहीं कर सकता। नागरिकों के मौलिक अधिकार खत्म थे तथा प्रेस को बगैर सेंसरशिप अधिकारी की अनुमति के एक शब्द भी छापने की अनुमति नहीं थी।

भारत में वह समाचार चैनलों का दौर नहीं था। समाचार, विचार और अन्य सूचनाओं के मुख्य स्रेत समाचार पत्र–पत्रिकाएं थीं। सरकारी टेलीविजन दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के बारे में कुछ बताने की आवश्यकता नहीं। प्रधानमंत्री कार्यालय संजय गांधी के निवास या फिर सूचना प्रसारण मंत्री विद्याचरण शुक्ला के आवास एवं कार्यालय से ही उसका संचालन होता था। समाचार छापने के पहले सेंसरशिप अधिकारी को भेजा जाता था जो बताता था कि किस समाचार में क्या बदलना है, कितना छाप सकते हैं। संविधान की हत्या या संविधान खत्म करने का इससे बड़े कदम भारत में उसके पूर्व न कभी उठा और न बाद में ऐसी कोशिश हुई। इस तरह आपातकाल में संविधान खत्म करने की बात सच है लेकिन वर्तमान समय में संविधान खत्म करने का खतरा दिखाना सरासर झूठ।

वैसे जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने के बाद आंतरिक आपातकाल लगाने का प्रावधान संविधान से लगभग खत्म कर दिया। यह प्रचार भी झूठ है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक व्यक्ति के शासन की स्थिति संविधान परिवर्तन कर ला सकती है।

एक बार आपातकाल लगाने का परिणाम देश भुगत चुका है और स्वयं कांग्रेस पार्टी भी चुनाव में बुरी तरह पराजित हुई। देखा जाए तो जनता पार्टी की अंतर्कलह के कारण 1980 में अवश्य कांग्रेस लौटी और 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या की सहानुभूति में राजीव गांधी को अपार बहुमत मिला किंतु उसके बाद से कांग्रेस कभी भी बहुमत की अवस्था में नहीं पहुंच सकी। सभी नेताओं और राजनीतिक दलों के लिए यह सबक है। इसलिए कोई इस तरह संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए निरंकुशता स्थापित करने का दुस्साहस नहीं करेगा। वषो बाद संविधान हत्या दिवस मनाने की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर भी प्रश्न उठाए जा रहे हैं।

निस्संदेह, आपातकाल के बाद सत्ता में आई जनता पार्टी की सरकार या उसके बाद जो भी गैर–कांग्रेसी सरकार सत्ता में आई उसने ऐसा निर्णय नहीं किया। किसी ने नहीं किया इसलिए आगे वैसा नहीं किया जाए इस तर्क को भी स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके पहले संविधान खत्म कर देने का इस तरह का दुष्प्रचार भी भारतीय राजनीति में कभी नहीं हुआ। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों को सोचना चाहिए कि हम ऐसा आरोप लगाएंगे तो निश्चित रूप में अपने गिरेबान में झांकने के लिए तथ्यों के साथ प्रतिहमला किया जाएगा। आपातकाल लगाने का यह 50वां वर्ष है। 50 वर्ष वह अवसर होता है जब हम उस घटना को लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विचार करते हैं, उससे सीख लेते हैं, प्रेरणा लेते हैं, और उससे जुड़े व्यक्तियों को उनकी भूमिका के अनुरूप याद करते हैं।

इसलिए 25 जून के आपातकाल दिवस को सरकारी स्तर पर आयोजित होते रहने में समस्या नहीं है। आवश्यक है कि इससे संबंधित सभी पहलुओं को जगह–जगह से सामने लाया जाए। उन सभी लोगों को याद किया जाए जिन्होंने आपातकाल का उत्पीडऩ झेला, बलिदान हुए, जिनके करियर नष्ट हुए। आपातकाल के विरु द्ध संघर्ष को याद करना हमेशा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा संपूर्ण व्यवस्था के व्यवहार की दृष्टि से सचेतक हो सकता है।

बाघों ने चुन लिया प्रकृति का सुन्दर स्थान – मध्यप्रदेश

पृथ्वी का सबसे सुंदर प्राणी बाघ है और बाघों का मध्यप्रदेश में डेरा है। इस बात पर मध्यप्रदेश के लोगों को गर्व है। ठीक उसी प्रकार जैसे भारत देश को बाघों की 3682 संख्या पर गर्व है। यह दुनिया में बाघों की कुल संख्या का 75 प्रतिशत हैं। मध्यप्रदेश के लिए सबसे खुशी की बात यह है कि यहां टाइगर रिजर्व के बाहर भी बाघों की संख्या बढ़ रही है।

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश दुनिया को बता सकता है कि मध्यप्रदेश के लोगों को अपने बाघों पर अभिमान है।

0–सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में: मध्यप्रदेश में बाघों की आबादी 526 से बढक़र 785 पहुंच गई है। यह देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में चार–पांच सालों में 259 बाघ बढ़े हैं। यह वृद्धि 2010 में कुल आबादी 257 से भी ज्यादा है।

वन विभाग के अथक प्रयासों और स्थानीय लोगों के सहयोग से जंगल का राजा सुरक्षित है। सभी मिलकर यही संकल्प लें कि भावी पीढ़ी के लिए प्रकृति का बेहतर संरक्षण करें और एक सहृदय भद्र पुरुष के रूप में बाघों के परिवार को फलने फूलने का अनुकूल वातावरण बनाने में सहयोग करें। बाघों की पुनर्स्थापना का काम एक अत्यंत कठिन काम था, जो मध्यप्रदेश ने दिन–रात की मेहनत से कर दिखाया।

0–ऐसे बना टाइगर स्टेट:बाघों की गणना हर 4 साल में एक बार होती है। वर्ष 2006 से बाघों की संख्या का आंकड़ा देखें तो वर्ष 2010 में बाघों की संख्या 257 तक हो गई थी। इसे बढ़ाने के लिए बाघों के उच्च स्तरीय संरक्षण और संवदेनशील प्रयासों की आवश्यकता थी। मध्यप्रदेश को बाघ प्रदेश बनाने की कड़ी मेहनत शुरु हुई।

मानव और वन्यप्राणी संघर्ष के प्रभावी प्रबंधन के लिए 16 रीजनल रेस्क्यू स्क्वाड और हर जिले में जिला स्तरीय रेस्क्यू स्क्वाड बनाए गए। वन्यप्राणी अपराधों की जांच के लिए वन्यप्राणी अपराध की खोज में विशेषज्ञ 16 श्वान दलों का गठन किया गया। अनाथ बाघ शावकों की रिवाल्विंग की गई है। विभिन्न प्रजातियां विशेष रूप से चीतल, गौर और बारहसिंगा का उन स्थानों पर पुनर्स्थापना किया गया, जहां वे संख्या में कम थे या स्थानीय तौर पर विलुप्त जैसे हो गए थे। राज्य स्तरीय स्ट्राइक फोर्स ने पिछले आठ वर्षों में वन्यप्राणी अपराध करने वाले 550 अपराधियों को 14 राज्यों से गिरफ्तार किया गया। इसमें से तीन विदेशी थे।

संरक्षित क्षेत्र के बाहर वन्यप्राणी प्रबंधन के लिए बजट की व्यवस्था की गई। वन्य प्राणी पर्यटन से होने वाली आय की स्थानीय समुदाय के साथ साझेदारी की गई। इन सब प्रयासों के चलते बाघ संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिली।

0–बाघ प्रदेश बनने के कारण:मध्यप्रदेश के बाघ प्रदेश बनने के चार मुख्य पहलू है। पहला गांवो का वैज्ञानिक विस्थापन। वर्ष 2010 से 2022 तक टाइगर रिजर्व में बसे छोटे–छोटे 200 गांव को विस्थापित किया गया। सर्वाधिक 75 गांव सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से बाहर किए गए। दूसरा है ट्रांसलोकेशन। कान्हा के बारहसिंगा, बायसन और वाइल्ड बोर का ट्रांसलोकेशन कर दूसरे टाइगर रिजर्व में उन्हें बसाया गया। इससे बाघ के लिए भोजन आधार बढ़ा। तीसरा है हैबिटेट विकास। जंगल के बीच में जो गांव और खेत खाली हुए वहां घास के मैदान और तालाब विकसित किए गए जिससे शाकाहारी जानवरो की संख्या बढ़ी और बाघ के लिए आहार भी उपलब्ध हुआ। सुरक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव हुआ। पन्ना टाईगर रिज़र्व में ड्रोन से सर्वेक्षण और निगरानी रखी गई। वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल कर अवैध शिकार को पूरी तरह से रोका गया। क्राइम इन्वेस्टीगेशन और पेट्रोलिंग में तकनीकी का इस्तेमाल बढ़ाया गया। इसका सबसे अच्छा उदाहरण पन्ना टाइगर रिजर्व है जिसका अपना ड्रोन स्क्वाड है। हर महीने इसके संचालन की मासिक कार्ययोजना तैयार की जाती है। इससे वन्य जीवों की लोकेशन खोजने, उनके बचाव करने, जंगल की आग का स्रोत पता लगाने और उसके प्रभाव की तत्काल जानकारी जुटाने, संभावित मानव और पशु संघर्ष के खतरे को टालने, वन्य जीव संरक्षण कानून का पालन करने में मदद मिल रही है।

वन्यजीव सुरक्षा के कारण तेंदुओं की संख्या में भी मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। देश में 12 हजार 852 तेंदुए हैं। अकेले मध्यप्रदेश में यह संख्या 4100 से ज्यादा है। देश में तेंदुओं की आबादी औसतन 60त्न बढ़ी है जबकि प्रदेश में यह 80त्न है। देश में तेंदुओं की संख्या का 25त्न अकेले मध्यप्रदेश में है।

0–राष्ट्रीय उद्यानों का बेहतर प्रबंधन:वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग बाघ सम्मेलन में बाघ की आबादी वाले 13 देशों ने वादा किया था कि वर्ष 2022 तक वे बाघों की आबादी दोगुनी कर देंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश में बाघों के प्रबंधन में निरंतरता एवं उत्तरोत्तर सुधार हुए।

बाघों की संख्या में 33त्न की वृद्धि चक्रों के बीच अब तक की सबसे अधिक दर्ज की गई है जो 2006 से 2010 के बीच 21त्न और 2010 और 2014 के बीच 30त्न थी। बाघों की संख्या में वृद्धि, 2006 के बाद से बाघों की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुरूप थी। मध्यप्रदेश में 526 बाघों की सबसे अधिक संख्या है। इसके बाद कर्नाटक में 524 बाघों की संख्या 442 बाघों के साथ उत्तराखंड तीसरे नंबर पर था। मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है कि वर्ष 2022 की समय–सीमा से काफी पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली है।

# क्या योगी जी ने पासा पलट दिया?

**अजय दीक्षित**

आजकल प्रिंट व दृश्य श्रव्य मीडिया में काफी चर्चा है कि योगी आदित्यनाथ जी के विरुद्ध जो पार्टी में कुछ लोग प्रचार कर रहे थे उसे योगी जी ने दुकानों में नाम लिखने की घोषणा के बाद उनकी स्थिति बहुत मजबूत हो गई है । सावन के महीने पर कावड़ को ले जाने वालों को रास्ते में शुद्ध हिन्दू भोजन व फल आदि मिल सके, इसलिए योगी जी ने आदेश निकला कि रास्ते की हर दुकान अपने मालिक को कर्मचारियों के नाम बाहर बोर्ड लगाकर प्रकट करेंगे । अभी बहुत से मुस्लिमों ने हिन्दू देवी–देवताओं के नाम दुकान, होटल, ढावे का नाम रख लिया है । ठेले वालों को भी अपना नाम बतलाना होगा । हमारे शास्त्रों में ऐसी शुद्धता का कोई उल्लेख नहीं है क्योंकि हमारे शास्त्र हजारों साल पुराने हैं जबकि इस्लाम 2000 साल पुराना ही है । गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि वर्ण मैंने बनाये हैं । कालांतर में ये जाति बन गये और जन्म के आधार पर निर्धारित होने लगे । पहले ये वर्ण कर्म पर आधारित थे । अनेक संत जाति के हिसाब से सबसे नीचे की सीढ़ी के हैं । कबीर जुलाहा थे । रहीम मुसलमान थे । रसखान और जायसी इस्लाम को मानने वाले थे । लोकसभा में भाजपा को कम सीटें मिली और इण्डिया गठबंधन बाजी मार गया । अभी सात राज्यों की 11 सीटों में भाजपा मात्र दो सीटें जीत पाई? । उसे दो सीटों का नुकसान हुआ । अब उत्तर प्रदेश में उप चुनाव होने वाले हैं । बहुत से विधायक सांसद बन गये हैं । मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य खुलेआम शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं । पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने उन्हें मिलने का समय दिया । राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि यह ठीक नहीं है । क्योंकि वे योगी जी की आज्ञा के बिना




केन्द्रीय नेतृत्व से नहीं मिल सकते । केशव प्रसाद मौर्य और एक उप मुख्यमंत्री तथा एक मंत्री योगी जी द्वारा आहूत मंत्रिमंडल की बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं । यह राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि मर्यादा के विरुद्ध है । अब योगी जी अपने आप तो इन तीनों को मंत्रिमंडल से हटा नहीं सकते बिना केन्द्रीय नेतृत्व की स्वीकृति के । केन्द्रीय नेतृत्व का मतलब अब मोदी जी हैं । केशव प्रसाद मौर्य भूल गये कि 2022 के विधानसभा चुनाव में वे अपनी सीट से हार गये थे । वह भी एक महिला से । उत्तर प्रदेश में लोकसभा या उप चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर जो भी चर्चा हो वह मीडिया में नहीं आनी चाहिए । यह पार्टी का आंतरिक मामला है । असल में बेरोजग़ारी, महंगाई और युवाओं की निराशा हार का मुख्य कारण हो । इसका विश्लेषण सी.एस.डी.एस. कर सकती है या कोई समाज शास्त्री या योग्य विद्वान ।

असल में हाल में योगी जी ने अपने दो फैसले बदल दिये थे । लखनऊ व पंतनगर में अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाने की घोषणा को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया । इसके बाद अध्यापकों की डिजिटल उपस्थिति के नियम को भी दो महीने के लिए स्थगित करना पड़ा । इससे भाजपा के अंदरुनी लोग और अन्य पार्टी के लोग इसे योगी जी की कमजोरी मानने लगे । परन्तु योगी जी उसी दम–खम से काम कर रहे हैं जैसे पहले दुकानों पर नाम लिखने की उनकी घोषणा का कई सदस्यों ने स्वागत किया है । उत्तराखण्ड में यह लागू हो गया है । हरियाणा, राजस्थान,मध्य प्रदेश भी इस नियम कोलागू कर रहे हैं । कर्नाटक में जब भाजपा की सरकार थी तो उसने यह घोषणा की थी कि मंदिरों के बाहर मुसलमान पूजा का सामान नहीं बेचेंगे । बनारस के मंदिरों में भगवान को जो वस्त्र पहनाये जाते हैं वे प्रायः मुसलमान महिलाएं बनाती हैं । प्रभु रामकी मूर्ति स्थापना वाले दिन मुसलमान वादी को भी निमंत्रण भेजा गया था । कावड़ यात्रा के दौरान शुद्धता आवश्यक है । परन्तु भारत ने सेकुलर, सोशलिस्ट, सर्व धर्म समभाव को मंत्र मान लिया है । अतः मुसलमानों द्वारा फल यदि धो लिये जाएं तो वे अशुद्ध नहीं होते । खाने की बात और है । मोदी जी को हस्तक्षेप करके लोगों को आश्वस्त करना चाहिए ।

# नेटफ्लिक्स की राणा नायडू सीजन 2 की शूटिंग शुरू

साउथ सिनेमा के दो सुपरस्टार वेंकटेश और मेगा–ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली में भल्लालदेव का रोल कर चुके एक्टर राणा दग्गुबती ने बीते साल (2023) अपनी ड्रामा सीरीज राणा नायडू से डिजिटल पर्दे पर धमाका मचा दिया था. राणा नायडू नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और ओटीटी के दर्शकों ने इसे खूब प्यार दिया था. राणा नायडू की सक्सेस के बाद से इसके सीजन 2 की चर्चा है. नेटफ्लिक्स ने अपनी मोस्ट अवेटेड सीरीज राणा नायडू के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है. साथ ही नेटफ्लिक्स ने



एक दमदार वीडियो भी शेयर किया है. इस वीडियो से पता चलता है कि राणा नायडू सीजन 2 में अर्जुन रामपाल की एंट्री हो गई है. राणा नायडू सीजन 2 की पहली झलक में सबसे पहले खून से सना एक क्रिकेट बैट दिखता है और इसके बाद राणा दग्गुबती हाथ में गन लिए शोट करते दिखत हैं. एक के सामने कैमरामैन भी दिख रहे हैं. इसके बाद वेंकटेश का सीन आता है, जिसमें वह एक रेसिंग गाड़ी पर दिख रहे हैं. आखिर में बड़े बाल, काला कुर्ता और उसपर गमछा फुल देसी स्टाइल में अर्जुन रामपाल हाथों में लंबी देसी बंदूक थामे निशाना लगाते दिख रहे हैं.

राणा नायडू में वेंकटेश, राणा दग्गुबती, प्रिया बनर्जी, सुरवीन चावला, गौरव चोपड़ा, सुशांत सिंह, अभिषेक बनर्जी, राजेश जायस, आशिष विद्यार्थी को अहम रोल में देखा गया था.

## मैंने हमेशा अपने बारे में अच्छी अफवाहें सुनी हैं : प्रज्ञा जायसवाल

तेलुगू सिनेमा में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री प्रज्ञा जायसवाल जल?द ही अपकमिंग फिल्?म खेल खेल में से बॉलीवुड में डेब?यू करने जा रही हैं। उन?होंने कहा कि हमेशा उन?होंने अपने बारे में सकारात्मक अफवाहें सुनी हैं और उम्मीद जताई कि ये अफवाहें सच हों। मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान प्रज्ञा से पूछा गया कि क्या किसी अफवाह ने उनके घर में हलचल मचाई है। प्रज्ञा ने जवाब दिया, मैंने अपने बारे में कभी कोई नकारात्मक अफवाह नहीं सुनी। मेरे सामने आई सभी अफवाहें अच्छी और सकारात्मक रही हैं।

फिल्म एनबीके 109 के लिए नंदमुरी बालकृष्ण के साथ काम कर रही अभिनेत्री ने विभिन्न उद्योगों में काम करने के अपने अनुभव शेयर किए। प्रज्ञा ने कहा, ये दोनों अनुभव अद्भुत हैं। मैं दो अलग–अलग उद्योगों और भाषाओं में काम करने के लिए आभारी हूं। मैं केवल अच्छी फिल्मों, अच्छी कहानियों का हिस्सा बनने और यादगार किरदार निभाने का प्रयास कर रही हूं। मुझे खुशी है कि मुझे ये अवसर मिल रहे हैं। भाषा मेरे लिए ज्यादा मायने नहीं रखती। मैं सिर्फ अच्छा काम करना चाहती हूं।

# ओलंपिक पुरुष फुटबॉल फाइनल में फ्रांस का मुकाबला स्पेन से

पेरिस, पेरिस 2024 में पुरुष फुटबॉल फाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा, क्योंकि उन्होंने सोमवार देर रात अतिरिक्त समय के बाद 10 खिलाडिय़ों के साथ खेल रहे मिस्र को 3–1 से हराया। जीन–फिलिप माटेटा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना पर फ्रांस की 1–0 की जीत में विजयी गोल किया था, ने सेमीफाइनल में दो गोल किए। रिपोर्ट के अनुसार, पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद मिस्र ने 62वें मिनट में डिफेंडर सेबर महमूद के जरिए गतिरोध को तोड़ा, जिनके एक शॉट को रोक दिया गया था, लेकिन उन्होंने रिबाउंड हासिल कर लिया और दो डिफेंडरों को छका कर गोल दाग दिया।



महमूद के गोल ने फ्रांस को हरकत में ला दिया। उनके अथक हमले का फल 83वें मिनट में मिला जब माटेटा ने माइकल ओलिसे की थ्रू–बॉल पर दौड़ लगाई और उसे मिस्र के असहाय गोलकीपर अला हमजा के पास से निकालकर गोल में पहुंचा दिया।90 मिनट के बाद स्कोर 1–1 होने पर, खेल अतिरिक्त समय में चला गया, और मिस्र को एक बड़ा झटका लगा जब डिफेंडर फ़ायद उमर को पहली अवधि में केवल दो मिनट में दूसरे पीले कार्ड के लिए बाहर भेज दिया गया।मैन एडवांटेज के साथ, फ्रांस 99वें मिनट में माटेटा के शक्तिशाली हेडर के माध्यम से 2–1 से आगे हो गया, इसके बाद ओलिसे ने 108वें मिनट में बॉक्स के किनारे से एक शॉट के साथ मेजबान टीम के लिए जीत हासिल की।फ्रांस, जिसने मिस्र के 15 के मुकाबले 31 शॉट दर्ज किए, ने भी तीन बार पोस्ट पर गेंद मारी।दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन ने एक गोल से पिछडऩे के बाद वापसी करते हुए मोरक्को को 2–1 से हराया।जापान पर स्पेन की क्वार्टरफाइनल में 3–0 से जीत में दो गोल करने वाले फ़रमिन लोपेज़ एक बार फिर अपनी टीम के हीरो रहे, क्योंकि सेमीफ़ाइनल में उन्होंने एक स्कोर किया और दूसरे में मदद की।37वें मिनट में स्पेन ने खुद को 1–0 से पीछे पाया जब मोरक्को के फारवर्ड सौफियाने रहीमी ने पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया।66वें मिनट में, उन्होंने लोपेज के माध्यम से बराबरी कर ली, जिन्होंने बॉक्स के अंदर एक नीचा शॉट मारा। डिफेंडर जुआनलू सांचेज ने 85वें मिनट में लोपेज़ के पास पर लपककर गेंद को कार्नर में डाल कर विजयी गोल किया।

# तीसरे हफ्ते में एंट्री करते ही बैड न्यूज की कमाई को लगा तगड़ा झटका

विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बैड न्यूज ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया. फिल्म ने रिलीज के दो हफ्तों में 50 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन भी किया. हालांकि इस दौरान फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी गई. वहीं अब ह्यबैड न्यूजह्न रिलीज के तीसरे हफ्ते में पहुंच गई है.

चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? बैड न्यूज़ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है. इस मूवी का कॉन्सेप्ट एक ही मां के होने वाले जुड़वां बच्चों के अलग–अलग बायोलॉजिकल पिता पर बेस्ड है. फिल्म की अलग



कहानी और विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया. फिल्म को रिलीज के बाद क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला. वहीं इसे पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का भी काफी फायदा हुआ जिसके चलते फिल्म ने दो हफ्ते अच्छा कलेक्शन किया. हालांकि तीसरे हफ्ते में अब सिनेमाघरों में अजय देवगन की औरों में कहां दम था और जाह्नवी कपूर की उलझ भी रिलीज हो गई है. इन दोनों नई फिल्मों के आने से ऑडियंस भी बंट गई है जिसके चलते बैड न्यूज की कमाई पर भी काफी असर पड़ा है.

वहीं बैड न्यूज के कलेक्शन कि बात करें तो फिल्म ने 8.3 करोड़ से खाता खोला था और पहले हफ्ते में 42.85 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई 66.98 फीसदी घटी और इसने 14.15 करोड़ रुपये कमाए. वहीं अब बैड न्यूज तीसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और इसकी रिलीज के 15वें दिन यानी तीसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

## रेयान हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच नियुक्त

एडिलेड, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस को जेसन गिलेस्पी की जगह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दो दशक से भी ज्यादा समय पहले दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के साथ हैरिस ने अपना प्रथम श्रेणी करियर शुरू किया था। अब वो इस नई भूमिका के लिए उत्सुक है, जिससे पहले उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से हैरिस ने कहा, मैं दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का मुख्य कोच नियुक्त किए जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 2015 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज के दौरान घुटने की एक पुरानी चोट के कारण हैरिस ने अपना खेल करियर समाप्त करना ठीक समझा था। इसके बाद उन्होंने कोचिंग में कदम रखा और ऑस्ट्रेलियाई अंडर–19 टीम के साथ सफलता हासिल की, जिसकी अगुआई उन्होंने मौजूदा विक्टोरिया कोच क्रिस रोजर्स के साथ 2018 और 2020 में विश्व कप में की।

# कोहली के निशाने पर सचिन तेंदुलकर का सबसे बड़ा रिकॉर्ड

**तीसरे वनडे में रचेंगे नया इतिहास**

नईदिल्ली, पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के लिए श्रीलंका वनडे सीरीज कुछ खास नहीं रही है. उन्होंने 2 मैच खेले हैं और दोनों ही मैचों में वह बड़ी पारी खेलने में नाकामयाब रहे. ऐसे में अब तीसरे वनडे मैच में विराट कोहली से एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी. वहीं, यदि कोहली इस मैच में 78 रन बना लेते हैं, तो मास्टर–ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के साथ एक स्पेशल क्लब में शामिल हो जाएंगे.श्रीलंका के साथ खेले जाने वाले तीसरे वनडे मैच में अगर विराट कोहली बड़ी पारी खेलते हैं, तो वह 50 ओवर फॉर्मेट में 14000 रन पूरे कर लेंगे. कोहली को 114 रन की दरकार हैं और वनडे में इतने रन बनाते ही वह महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा को पीछे छोड़ देंगे.

आपको बता दें, सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा ने क्रमशः 350 और 378 पारियों में 14 हजार रन बनाए हैं. अब अगर कोहली 114 रन (282 पारी) बना लेते हैं, तो वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 14000 रन बनाने वाले प्लेयर बन जाएंगे.भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा वनडे मैच आर.प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा. जहां, एक बार फिर सभी की नजरें कोहली पर होंगी. विराट ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में 24 और दूसरे वनडे में 14 रन बनाए. अब तीसरा मुकाबला 7 अगस्त को खेला जाएगा, जिसमें विराट से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी. यदि इस मैच में विराट 78 रन बना लेते हैं, तो वह इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 27000 रन पूरे कर लेंगे.इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक ये कारनामा सिर्फ 3 ही क्रिकेटर कर सकें हैं, जिसमें भारत की तरफ से सचिन तेंदुलकर, श्रीलंका के कुमार संगकारा और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग का नाम शामिल हैं. वहीं, विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक 26,992 रन बना लिए हैं और 78 रन बनाते ही वह इस स्पेशल क्लब में शामिल हो जाएंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट में 27000 रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बन जाएंगे.

## एक नजर

### जतिन व वंश रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विकासखंड स्तरीय मैथ्स विजार्ड प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोटाढांक के छात्र जतिन प्रथम व वंश द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने बताया कि विद्यार्थियों को बेहतर विकास के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक विक्रम सिंह, हर्षमणि नौडियाल आदि मौजूद रहे।

### नवजात के लिए मां का दूध सर्वोत्तम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय के नर्सिंग विद्यार्थियों की ओर से मंगलवार को विश्व स्तनपान दिवस के उपलक्ष्य में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र, उत्तरी झंडीचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. मसरूफ अली ने कहा कि अगस्त महीने के प्रथम सप्ताह को पूरे विश्व में स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध सर्वोत्तम आहार होता है। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति डॉ. अनिल सिंह, प्रति कुलाधिपति डॉ. आशा सिंह, डॉ. विभांशु विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### मलेरिया, डेंगू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार

श्रीनगर गढ़वाल : डेंगू और मलेरिया से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। हालांकि अभी तक डेंगू का कोई मरीज नहीं मिला है। उधर, डेंगू के खतरे को भांपते हुए अस्पताल में दवाइयों की व्यवस्था कर ली गई है। बरसात के बाद जगह-जगह जलभराव हो जाता है। जिसमें मच्छर का लार्वा पनपने का खतरा बना रहता है। जिसके चलते अगस्त-सितंबर महीने में डेंगू के मरीज मिलने लगते हैं। इसलिए अधिकारी लगातार लोगों को साफ-सफाई के लिए जागरूक कर रहे हैं। बेस चिकित्सालय श्रीकोट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बताया कि चिकित्सालय में डेंगू से निपटने के लिए पूरे संसाधन हैं। अस्पताल में दवाइयों और कीट की पूरी व्यवस्था है। बताया कि डेंगू के खतरे को भाँपते हुए बेस चिकित्सालय में 12-12 बैड महिला और पुरूष के बनाए गए हैं। जबकि 30 अतिरिक्त बैड की व्यवस्था की गई है। मलेरिया और डेंगू से निपटने के लिए सभी प्रकार की दवाईयां और किट मौजूद है। (एजेंसी)

### एनआईटी में 8 अगस्त को होगी प्रवेश परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड में सत्र 2024-25 से तीन विषयों पर होने वाली स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षा 8 अगस्त को आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा को लेकर एनआईटी प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। एनआईटी में इस सत्र से पहली बार भौतिकी, रसायन और गणित विषय में एमएससी पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहा है। पाठ्यक्रम के तहत प्रत्येक विषयों में 20-20 सीटों यानी 60 सीटों पर प्रवेश होने है। एनआईटी के डीन अकादमिक डॉ. जाग्रति सहरिया ने बताया कि 8 अगस्त को एनआईटी में एमटेक की 25 सीटों पर प्रवेश परीक्षा होगी।

# उफान पर बनी नदी, जिंदगी दांव पर लगाकर कर रहे मछलियों का शिकार

## वर्षाकाल में बीच नदी के बीच पहुंचकर मछलियों का शिकार कर रहे युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बरसात में उफनती नदियों के बीच पहुंचकर कई युवा मछलियों का शिकार कर रहे हैं। ऐसे में इन युवाओं की लापरवाही कब इनकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, पूर्व में बरसात के दौरान नदियों का विकराल रुप कई बार क्षेत्र में ताडंव भी मचा चुका हैं।

वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के बाद क्षेत्र की मालन, खोह, सुखरो व कोल्हु नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ है। ऐसे में नदियों के तट पर रहने वाले कई युवा मछलियों के शिकार करने नदी के बीच उतर रहे हैं। सोमवार शाम अचानक बढ़े खोह नदी के जल स्तर में बड़ी संख्या में मछली पकड़ने वाले पहुंचे हुए थे। जबकि, पल भर में ही नदी का जल स्तर भी चढ़ता जा रहा था। मंगलवार को भी गाड़ीघाट, ग्रास्टनगंज में छोटे बच्चों के साथ ही युवा मछली का जाल पकड़कर नदी में दिखाई दिए। यही नहीं मछली पकड़ने के लिए नदियों में करंट व जहरीला पदार्थ भी डाला जा रहा है। जबकि कुछ वर्ष पूर्व खोह नदी में मछली पकड़ने के दौरान एक बच्चे की डूबने से मौत भी हो गई थी।



कोटद्वार के गिवईस्रोत के समीप मछली पकड़ने के लिए बीच नदी में जाल लेकर उतरे युवा

### नहीं होता नदी के उफान का अंदाजा

कई बार मैदानी क्षेत्रों में धूप खिली रहती है। लेकिन, पर्वतीय क्षेत्रों में तेज बारिश चलती है। जिससे अचानक नदियां उफान पर आ जाती है। ऐसे में मछली पकड़ने वालों को इसका अंदाजा नहीं लग पाता कि कब नदी का जल स्तर बढ़ गया है। मंगलवार को भी कुछ युवा गिवईस्त्रोत में मछली का शिकार करने उतरे थे। उसी के समीप खड़े कुछ लोगों ने जब ऊपर से नदी का जल स्तर बढ़ा हुआ देखा तो युवाओं को नदी से बाहर निकलने के लिए आवाज लगाई, जिसके बाद युवक नदी से बाहर निकले।

# महाविद्यालय में हुआ देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उच्च शिक्षा में युवाओं को उद्यमिता कौशल के प्रति प्रेरित करने हेतु राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी कोटद्वार में देव भूमि उद्यमिता केंद्र स्थापित किया गया हैं।

देवभूमि उद्यमिता केंद्र द्वारा विगत शैक्षिक सत्र से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में उद्यमिता विकास करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। मंगलवार को महाविद्यालय देवभूमि उद्यमिता केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. विनय देवलाल ने बताया कि महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. उषा सिंह ने भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। बताया कि महाविद्यालय के उद्यमिता केंद्र के अंतर्गत विगत सत्र में कार्यशालाओं व गतिविधियों के अतिरिक्त दो दिवसीय बूट कैंप तथा बारह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने उद्यमिता विकास की इस दिशा में उच्च शिक्षा विभाग की इस पहल व प्राध्यापकों के प्रशिक्षण को सराहनीय कदम बताया। उधर, रिखणीखाल स्थित राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र खोलने की कवायद आरंभ हो गई है। इस संबध में अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर लौटे महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेश आर्य ने मंगलवार को छात्रों को बताया कि इस योजना के तहत अब महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता केंद्र खोला जायेगा। केंद्र में महाविद्यालय के छात्रों सहित ब्लाक के अंतर्गत आने वाले 18 से 45 वर्ष के युवाओं व वयस्कों को उद्यमिता व स्वरोजगार हेतु जागरूक किया जाएगा।

# नशा मुक्ति केंद्रों में वसूल रहे मनमानी फीस

### कोटद्वार तहसील सभागार में आयोजित किया गया तहसील दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए कोटद्वार तहसील में मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पदमपुर निवासी मनोज सिंह रावत ने तहसील दिवस में नशा मुक्ति केंद्रों की ओर से की जा रही मनमानी का मुद्दा उठाया। कहा कि केंद्रों में मनमानी फीस वसूली जा रही है। तहसील दिवस में नगर निगम, प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ ही जल संस्थान की सात शिकायतें दर्ज की गई। तहसील दिवस में पहुंचे पदमपुर निवासी मनोज रावत ने नशा मुक्ति केंद्रो व सेवा संस्थानों में भर्ती मरीजों से मनमाने ढंग से फीस वसूले जाने की शिकायत की। कहा कि एनजीओ के नाम पर नशा मुक्ति केंद्र प्रदेश सरकार से भी मोटी रकम ले रहे हैं। कहा कि कई लोगों को ठीक करने के बाद भी उन्हें घर नहीं भेजा जाता। यही नहीं भवन का नक्शा शासन के अनुरूप व भूकंप रोधी भी नहीं है। केंद्र में अग्निशमन उपकरण भी नहीं है। कहा कि कई केंद्रों ने घरेलू विद्युत संयोजन ले रखे है, जबकि सभी नशा मुक्ति केंद्र व्यवसाय में आते हैं। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग होने की भी शिकायत की है। तहसील दिवस पर नगर निगम प्रशासन से संबधित तीन, पुलिस विभाग से तीन व एक शिकायत जल संस्थान की दर्ज करवाई गई। विभागों से संबधित शिकायतों को उपजिलाधिकारी के माध्यम से संबधित विभागों को भेज दिया गया है। साथ ही समस्याओं को अविलंब निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# धमेंद्र थापा व अभिषेक का एशियन बॉक्सिंग ट्रायल के लिए चयन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** छह स्टेट जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के बाद धर्मेंद्र थापा व अभिषेक का चयन एशियन बाक्सिंग ट्रायल के लिए हुआ है।

कोटद्वार छात्रावास के कोच श्याम सिंह डांगी ने बताया कि 14 जुलाई को स्टेट जूनियर बाक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता देहरादून में आयोजित की गई। जिसमें कोटद्वार के धमेंद्र थापा ने 44-46 किलोग्राम भार वर्ग और अभिषेक ने 48-50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। बताया कि इन बॉक्सरों का चयन एशियन बाक्सिंग ट्रायल के लिए हुआ है। यह प्रतियागिता आठ से 11 अगस्त तक रोहतक में होनी है। बॉक्सिंग हॉस्टल कोच श्याम सिंह डांगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप कुमार डुकलान ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# त्योहार सीजन में जागा खाद्य सुरक्षा विभाग, दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक आते ही खाद्या सुरक्षा विभाग की नींद भी खुल गई है। टीम ने बाजार में पहुंचकर खाद्य पदार्थों के सेंपल लेते हुए विक्रेताओं को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की चेतावनी दी। अभियान के दौरान आमजन को खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्रा व अभिहीत अधिकारी एएस रावत के नेतृत्व में टीम ने बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, स्टेशन रोड व नजीबाबाद रोड में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मिष्ठान विक्रेताओं से अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। कहा कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान में गंदगी दिखाई देती है तो प्रतिष्ठान स्वामी के खिलाफ कर्रवाई की जाएगी। साथ ही खाद्य पर्दथों की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दें। बरसात के मौसम में खाद्य पदार्थ जल्दी खराब हो जाते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। अधिकारियों ने आमजन को भी खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक किया। कहा कि पदार्थों की एक्पायरी डेट देखकर ही उसकी खरीदारी करें। गुणवत्ता में किसी भी तरह की कमी महसूस होने पर इसकी सूचना तुरंत खाद्या विभाग को दें।



कोटद्वार में खाद्य पदार्थों की जांच करते अधिकारी

# आपदा पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री




आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड महासभा ने टिहरी गढ़वाल के तिनगढ़ में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान सदस्यों ने अन्य संस्थाओं से भी लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

महासभा के राष्ट्रीय सलाहकार वीरेंद्र दत्त सेमवाल व संस्थापक महासचिव मनमोहन दुदपुड़ी के नेतृत्व में टीम टिहरी के तिनगढ़ में बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंची। जहां पर दल के सदस्यों ने आपदा पीड़ितों का हालचाल जाना। तत्पश्चात उन्हें सौ कंबल, सौ दरी, सौ ट्रैक सूट, खाद्यान्न सामाग्री सहित दैनिक उपभोग की वस्तुओं का वितरण किया। उत्तराखंड महासभा के महासचिव मनमोहन दुदपुड़ी ने बताया कि उत्तराखंड महासभा का गठन 17 वर्ष पूर्व 20 जुलाई 2008 को किया गया था, जिसका मुख्य कार्य सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के पुनर्वास को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी। कहा कि उत्तराखंड महासभा का अगले चरण में एक दल शीघ्र ही आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेगा। इस मौके पर बिजेंद्र ध्यानी, मोहन जोशी, ओपी रतूडी, टीआर कैलखुरा मौजूद रहे।

# माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति : मुकेश चतुर्वेदी



कथा वाचक आचार्य मुकेश चतुर्वेदी एकेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए।



एकेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सुनते हुए श्रद्धालु।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सिद्धपीठ एकेश्वर महादेव मंदिर में एकेश्वर मंदिर कल्याण समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि माता-पिता की सेवा ही ईश्वर की सच्ची भक्ति है। माता-पिता के आंखों में आंसू आए तो जीवन की साधना व्यर्थ है। माता-पिता के रूप में घर में ही ईश्वर हैं। अगर मानव को ईश्वर की सच्ची भक्ति करनी है तो अपने वृद्ध माता-पिता की सेवा करते हुए उन्हें हमेशा खुश रखें। उनकी आंखों में अश्रु की एक बूंद भी न आने दें। मंगलवार को कथा में आचार्य मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि गुण, दोष परिवर्तनीय है लेकिन स्वभाव कभी नहीं बदलता इसलिए माता-पिता की सेवा को अपने स्वभाव में लाएं। कहा कि अपने से बड़ों का दोनों हाथों से पैर छूकर अभिवादन करना चाहिए। ऐसा करने से आयु, विद्या यश और बल में वृद्धि होती है। उन्होंने युवाओं का नशे का सेवन न करने की सलाह देते हुए कहा कि नश से जहां एक ओर व्यक्ति का शरीर खराब होता है, वहीं परिवार भी बर्बाद हो जाता है। नशे के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए है। इसलिए किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करना चाहिए। श्री चतुर्वेदी ने श्रोताओं को भगवान शंकर की कथा सुनाई। इस मौके पर मुख्य यजमान दीपक बडोला, प्रेम सिंह रावत, मनोज पंत, पंडित राकेश हिंदवान, कृष्ण कांत, नरेश पसबोला, अंकित बहुखण्डी, हिमांशु बहुखण्डी, सौरभ सिलमाना, मंदिर समित के अध्यक्ष कुलदीप जोशी, हरीश बडोला, तेजपाल पंवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की मुहिम लाई रंग, संस्थागत प्रसव के बढ़े आंकड़े

## वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7179 संस्थागत प्रसव हुए




**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव और जच्चा बच्चा की सुरक्षा को लेकर की जा रही कसरत अब रंग लाने लगी है। जनपद पौड़ी में 26 प्रसव केन्द्रों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेस चिकित्सालय श्रीकोट में सबसे अधिक 3242 प्रसव हुए। बेस चिकित्सालय कोटद्वार में 1607, जिला चिकित्सालय पौड़ी 503, उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर में 260 प्रसव हुए। जबकि सी.एच.सी. पाबौ में 239 प्रसव के साथ ही अन्य प्रसव केन्द्रों को मिलाकर कुल 7179 संस्थागत प्रसव हुए हैं, जिसमें 392 गृह प्रसव शामिल हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि संस्थागत प्रसव में बढ़े आकड़ों से पता चलता है कि गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य के प्रति महिलाएं अब जागरुक होने लगी हैं। विभाग द्वारा मातृत्व सुरक्षा से सम्बन्धित कार्यक्रमों के सही ढंग से क्रियान्वयन से हम काफी हद तक संस्थागत प्रसवों को बढाने, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में सफल हुये हैं। कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही जनपद की समस्त आशा कार्यकत्री, ए.एन.एम. और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान है। विभाग का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता पूर्वक प्रसव पूर्व जांच की निःशुल्क सुविधा और बेहतर परामर्श के साथ ही सुरक्षित प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी आशा कार्यकत्री ए.एन.एम. व अन्य मेडिकल स्टाफ को समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए चिकित्सा इकाई तक लाने के लिए निःशुल्क वाहन सुविधा 108 जच्चा-बच्चा को घर ले जाने के लिए खुशियों की सवारी 102 की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। इसके साथ ही प्रसव के 48 घंटे तक चिकित्सालय में रुकने पर राज्य सरकार द्वारा ईजा बोई शगुन योजना के तहत 2000 की धनराशि के साथ ही जननी शिशु सुरक्षा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 की धनराशि तथा शहरी क्षेत्र में 1000 की धनराशि दी जाती है।

उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान बीपी, शूगर, ज्यादा या कम वजन, खून की कमी से प्रसव सम्बन्धी जटिलताएं बढ़ जाती हैं। यदि गर्भवती महिलाएं अपना ए.एन.सी. रजिट्रेशन के उपरान्त अपना नियमित अन्तराल में चैकअप करवाती रहें तो प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है जिसमें खून की कमी वाली गर्भवती महिलाओं को आयरन की गोली के साथ ही पोषक पदार्थों के सेवन की सलाह दी जाती है।

कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड और समस्त जांच की सुविधा प्रदान की जाती है। जनपद में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की काव्या एप्प पर एंट्री करने के साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा प्रसव होने तक महिला के स्वास्थ्य की निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव की सम्भावित तिथि से 15 दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रूम के तौर पर संचालित वन स्टाप सेंटर में रुकने की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।

# क्षेत्रीय समस्या का निस्तारण तहसील/विकासखंड स्तर पर ही करें : एसडीएम

### तहसील दिवस में 34 शिकायत दर्ज, 11 का निस्तारण

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी यमकेश्वर चतर सिंह चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुख्यालय तहसील दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में लिखित व मौखिक रूप से 34 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया व अन्य शिकायतें संबंधित विभागों को प्रेषित की गई है। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि विकास कार्यों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा क्षेत्रीय समस्या का निस्तारण तहसील/विकासखंड स्तर पर ही करें, जिससे आम जनमानस को जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेगें।



तहसील दिवस में अधिकतर शिकायतें पेयजल, मोटर मार्ग, आपदा से हुए नुकसान, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की रही। इस दौरान शिकायतकर्ता हरीश चंद्र ने ग्राम ठांकर में पानी की निकासी, विनोद सिंह डबराल ने यमकेश्वर क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाने, सुबोध चंद्र ने सड़कों की मरम्मत, ग्राम प्रधान सीला उर्मिला बडोला ने कांडी-सीला मार्ग को सुचारू करने की समस्या रखी। इसके अलावा अन्य लोगों ने भी अपनी-अपनी क्षेत्र की समस्याओं से उपजिलाधिकारी को अवगत कराया। उपजिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका निस्तारण समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निस्तारण कर उसकी आख्या रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। उन्होंने समस्त अधिकारियों को बैठकों में पूर्ण तैयारी के साथ प्रतिभाग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करते हुए उसकी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत करें। तहसील दिवस में अधिशासी अभियंता पेयजल निगम अभिषेक वर्मा, उप प्रभागीय वन क्षेत्राधिकारी सरिता, तहसीलदार साक्षी उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी दृष्टि आनंद सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान् जूनियर सिविल जज महोदय कोटद्वार गढ़वाल**
**दी0वा0सं0 16 सन् 2024**
**बीना देवी बनाम्**
**आम जनता आदि**
**नोटिस बनाम - आम व खास**

चूंकी प्रार्थिनी द्वारा इस न्यायालय में अपने पति विनोद चन्द्र उर्फ विनोद कुमार की मृत्यु घोषणात्मक आज्ञप्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम के तहत योजित किया है जिस पर जवाबदेही की तिथि 2/9/24 नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस बावत कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक दस बजे प्रातः इस न्यायालय में स्वयं/मार्फत अधिवक्ता उपस्थित होकर जवाबदेही करें अन्यथा उक्त वाद में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत के आज दिनांक 31-07-2024 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय सिविल जज क0ख0**
**कोटद्वार गढ़वाल**
(0329/14)


# आदिबदरी-नौटी मोटर मार्ग को दुरस्त करने की उठाई मांग

चमोली : आदिबदरी क्षेत्र के लोगों ने आदिबदरी-नौटी मोटर मार्ग को दुरस्त करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने कहा कि गई बार मार्ग पर पुश्ते, नाली व डामरीकरण की मांग की जा रही है, लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं। अगर एक माह के अंदर मार्ग दुरस्त नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। लोनिवि गौचर के अधिशाषी अभियंता से मुलाकात कर कांसुवा, आली, मज्याड़ी, मिरोली, हरगांव, नौना व पयां के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कांसुवा राजजात मोटर मार्ग का निर्माण कार्य समाप्त हुये करीब 15 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक मार्ग पर डामरीकरण, चौडीकरण, पुस्ता एवं नाली निर्माण का कार्य नहीं हो पाया है। एसे में लोगों को बरसात में सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। कई बार समस्या को सीएम, डीएम, एसडीएम, जेई व एई के सम्मुख रखे जाने के बावजूद कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। यदि जल्द सड़क दुरस्त नहीं की गई तो क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन सितंबर माह से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य कलम कोहली, ग्राम प्रधान कांसुवा भूपेंद्र कुंवर, प्रताप सिंह, सिंह कुंवर, लक्ष्मण सिंह, जयकृत सिंह, नरेंद्र कुंवर, पृथ्वी सिंह, प्रेम रौतेला, मनवर कुंवर, संजय सिंह, ऋषभ सिंह, राहुल सिंह, दीपक नवानी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल यांत्रिक अभियंता मुरादाबाद के द्वारा ई टेंडर संख्या M-1-OGS-JP-24 के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 24.08.2024 को 11:00 बजे है जो बंद होने के बाद किसी भी समय वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी एंड डब्ल्यू | टेंडर संख्या | M-1-OGS-JP-24 |
| कार्य का नाम | "Operation & Maintenance of Central Heating & Hot Water Systems in all three dormitories at Oak Grove School at Jharipani for two years" through outsourcing on Open tender Basis. | | |
| निविदा टाइप | खुली | बिडिंग स्टाइल | टू पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | | 24.08.2024 को 11:00 बजे | |
| एडवेरटाइज्ड वेल्यू | ₹73,60,767.50 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |

सं.: M-1-OGS-JP-24 दिनांक: 02.08.2024 2399/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त, सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : नानघाट पेयजल योजना का पाइप लाइन फैड़खाल और चौबट्टा के बीच लीक होने से सड़क पर प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बह रहा है। वहीं सड़क पर गड्ढे होने से हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द पेयजल लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।

सिंगोरी की प्रधान सरोजनी देवी, सुमन नेगी, महेंद्र सिंह, हुकुम सिंह आदि ने बताया कि नानघाट पेयजल योजना का पाइप लाइन फैड़खाल और चौबट्टा के बीच लीक हो रही है। जिससे सड़क पर हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। बताया कि पेयजल सड़क पर लीक होने से सड़क पर बड़े-बड़े गड ्ढे हो गए है। जिससे दोपहिया और अन्य वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। बताया कि इससे पूर्व संबंधित विभाग को भी अवगत कराया गया था। विभाग ने पाइप लाइन को ठीक किया, लेकिन फिर से यहां पर पेयजल लीक होने से लोगों को आवाजाही करने में समस्याएं हो रही है।

### सरकार आपदा में हुई जनधन हानि का आंकलन कर सार्वजनिक करें : सती

रुद्रप्रयाग : भाकपा माले गढ़वाल इकाई के सचिव अतुल सती ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि केदारनाथ पैदल मार्ग पर हुई घटना को लेकर जन-धन हानि का तत्काल आंकलन कर सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को वर्ष 2013 की आपदा के अनुरूप मुआवजा देने की घोषणा की जाए। रुद्रप्रयाग में प्रेसवार्ता करते हुए गढ़वाल सचिव अतुल सती ने पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री को देते हुए कहा कि वर्ष 2013 की आपदा के बाद से ही लगातार केदारघाटी क्षेत्र आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील बना है। राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण और इसरो ने भी रुद्रप्रयाग जिले को पूरे देश में आपदा के लिए अति संवेदनशील जिले के तौर पर चिन्हित किया है। ऐसे में यहां और भी सतर्कता बरतने की जरूरत थी किंतु 31 जुलाई को मौसम की अग्रिम चेतावनी रेड अलर्ट के बावजूद भी यात्रा जारी रखना और हजारों लोगों का धाम और पैदल रास्तों में मौजूद होना एक बड़ी लापरवाही की ओर संकेत करता है। (एजेंसी)

### स्यूल-कोटी मार्ग पर पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन, वाहन फंसे

नई टिहरी : मंगलवार सुबह भी मार्ग पर बड़े–बड़े बोल्डर गिरे। जिससे यातायात बाधित रहा। साथ ही स्कूली बच्चे और आवश्यक कार्य से ब्लॉक और जिला मुख्यालय जाने वाले लोगों के वाहन फंसे रहे। ग्रामीण रविंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कुलदीप, देव सिंह, विनोद सिंह और जगवीर ने बताया कि बीते एक साल से स्यूल-कोटी मोटर मार्ग पर लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिसका लोनिवि ने स्थाई समाधान नहीं खोजा है। कहा कि वह लगातार विभाग से इसका स्थाई समाधान करने और मार्ग पर सुरक्षात्मक कार्य किए जाने की गुहार लगा रहे हैं। लोनिवि चंबा के ईई जगदीश खाती ने बताया कि बारिश में लगातार भूस्खलन हो रहा है। (एजेंसी)

### तहसील दिवस में दर्ज हुई 59 शिकायतें

नई टिहरी : देवप्रयाग में मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में डीएम के न पहुंचने से फरियादियों में यहां निराशा बनी रही। बाद में एसडीएम सोनिया पंत ने 50 से अधिक शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया। तहसील दिवस में फरियादियों ने 59 शिकायतें दर्ज कराई। मंगलवार को देवप्रयाग में डीएम टिहरी मयूर दीक्षित के अध्यक्षता में पहली बार तहसील दिवस आयोजित था। जिसको देखते यहां बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे। डीएम के न आने पर एसडीएम सोनिया पंत के सामने फरियादियों ने शिकायते रखी। बैठक में प्रमुख रूप से नगर व निकटवर्ती गांवों में गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग की गयी। वहीं ऑल वेदर रोड निर्माण से क्षतिग्रस्त मार्गों को बनवाने व क्षेत्र में सुचारु जलापूर्ति के मामले रखे गए। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र में आ रही दिक्कतों को प्रमुख रूप से रखा गया।

### गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग

नई टिहरी : देवप्रयाग में डीएम टिहरी मयूर दीक्षित के अध्यक्षता में पहली बार तहसील दिवस प्रस्तावित था। जिसे देखते बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता पहुंचे थे। डीएम के न पहुंचने पर एसडीएम सोनिया पंत ने समस्या सुनीं। बैठक में प्रमुख रूप से नगर और निकटवर्ती गांवों में गुलदार की दहशत से निजात दिलाने की मांग की गयी।

# महाराज ने पोखड़ा को दी चार करोड़ की योजनाओं की सौगात

### महाराज बोले चौबट्टाखाल विस का हो रहा चौमुखी विकास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पोखड़ा विकासखंड को कार्यालय भवन और टाईप-3 भवन के नव निर्माण कार्य सहित लगभग चार करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री ने वृक्षारोपण भी किया।



प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने मंगलवार को पोखड़ा विकासखंड मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य योजना मद से 338.82 लाख की धनराशि से नव निर्मित ब्लाक कार्यालय भवन का लोकार्पण करने के साथ-साथ जिला योजना मद से निर्मित होने वाले 60 लाख की लागत के टाईप-3 भवन का शिलान्यास कर पोखड़ा विकासखंड को 398.82 लाख लगभग चार करोड़ की योजनाओं की सौगात दी। इस मौक पर क्षेत्रीय जनता को संबोधित करते हुए महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के साथ-साथ चौबट्टाखाल का चौमुखी विकास हो रहा है। सतपुली झील निर्माण के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र में अनेक पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। कई पेयजल पंपिंग योजनाओं पर काम हुआ है। पर्यटक आवास गृहों के अलावा कई किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनिल चिन्याल, ब्लॉक प्रमुख प्रीती देवी, ज्येष्ठ उपप्रमुख विजय भारत भूषण नेगी, कनिष्ठ उपप्रमुख लता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रभु शरण बुडाकोटी, बीरोंखाल मंडल अध्यक्ष ओमपाल, सतपुली मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र बिष्ट, बीकेटीसी के सदस्य पुष्कर जोशी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय जोशी, अनिल विनयाल, ओम प्रकाश रावत, हेमलता, कुसुम रावत, महिपाल नेगी, राजपाल रावत, बलवंत सिंह, सोहन सिंह, डा. मनमोहन घिल्डियाल, कामनी, विकास रावत, हरेन्द्र सिंह, सोबन सिंह सहित भवन की कार्यदायी संस्था आरडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियन्ता विष्णु चौहान आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाल विवि ने जारी की उत्तर कुंजिका

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि ने सत्र 2024-25 के लिए हुई स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की उत्तर कुंजिका जारी की है। गढ़वाल विवि के प्रवेश परीक्षा कार्डिनेटर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि गढ़वाल विवि में सत्र 2024-25 के लिए 8 जुलाई से 13 जुलाई तक पीजी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। बताया कि प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजिका गढ़वाल विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित किसी भी अभ्यर्थी को अपने-अपने विषयों के प्रश्न से सम्बंधित किसी भी प्रकार की दिक्क त है तो वह 7 से 8 अगस्त तक शाम 5 बजे तक प्रवेश परीक्षा के सेल के ई–मेल पर अपनी आपत्ति दर्ज सहित उससे सम्बंधित आवश्यक साक्ष्य भी संलग्न कर प्रस्तुत कर सकते हैं। (एजेंसी)

# तहसील संबंधी कार्य के लिए आठ किमी. की दौड़ लगाने को मजबूर ग्रामीण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : तहसील बीरोंखाल में न होने से ग्रामीण अपने स्थाई, जाति, खाता-खतौनी और तहसील संबधी कार्यों के लिए आठ किलोमीटर दूर स्यूंसी की दौड़ लागने को मजबूर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीरोंखाल में तहसील का संचालन न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जनहित में बीरोंखाल में तहसील का संचालन किया जाना चाहिए।

व्यापार मंडल विकास समिति, तहसील निर्माण समिति के अध्यक्ष डॉ. जेएस नेगी ने कहा कि 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बीरोंखाल में तहसील, स्यूंसी झील, बैजरों में मिनी स्टेडियम की घोषणा की थी। आरोप है कि कुछ लोगों के चलते तहसील का संचालन स्यूंसी में कर दिया गया। जिससे क्षेत्रीय जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को अपने स्थाई, जाति, खाता-खतौनी और तहसील संबधी कार्यों के लिए आठ किलोमीटर दूर स्यूंसी जाना पड़ता हैं।

समिति अध्यक्ष ने बताया कि तहसील बीरोंखाल में होने से सभी विभागों के अधिकारी ब्लॉक मुख्यालय में समय से मिल सकते हैं। बीरोंखाल निर्माण समिति सचिव यशपाल ने कहा कि तहसील बनाने के लिए डुमैला मल्ला के ग्रामीणों ने अपनी चालीस नाली उपजाऊ भूमि निःशुल्क दान दी है।

# प्रत्येक शनिवार को होंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रत्येक शनिवार को आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 61 एस.एच.सी. आयुष्मान आरोग्य मंदिर व 24 पीएचसी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अगस्त माह में 425 आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सीपीएचसी कार्यक्रम के तहत प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। बताया कि शिविर में निःशुल्क ओपीडी जांच एवं दवा की सुविधा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह व कैंसर स्क्रीनिंग, टीबी संभावित रोगियों की बलगम जांच को रेफर करना, प्रसव पूर्व देखभाल सेवा, परिवार नियोजन सेवा, प्रसव पश्चात व टीकाकरण सेवा, तंबाकू निषेध एवं ईट राइट पर जागरूकता, मुख स्वास्थ्य, नेत्र जांच, ईएनटी, वृद्धजन स्वास्थ्य एवं असाध्य रोग देखभाल, मानसिक रोग की स्क्रीनिंग, टेली कंसल्टेशन सेवा के साथ-साथ योगा सत्र का आयोजन व आभा आईडी बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले शनिवार को आयोजित पहले साप्ताहिक आयुष्मान आरोग्य शिविरों में 1113 की उच्च रक्तचाप, 1059 की मधुमेह, 979 की ओरल कैंसर, 566 की ब्रेस्ट कैंसर, 547 सर्वाइकल कैंसर, 624 की मोतियाबिंद, 538 की टीबी, 445 की लेप्रोसी स्क्रीनिंग की गई।

### उमेश खंडूड़ी के सत्याग्रह को मिल रहा समर्थन

चमोली : महिला बेस अस्पताल सिमली में 24 घंटे आपातकालीन सेवाओं समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता उमेश खंडूडी का सिमली में सत्याग्रह आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल बनने के दो वर्ष बाद भी सिमली अस्पताल मे स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। अस्पताल में प्रतिदिन अल्ट्रासाउंड, एक्सरे की व्यवस्था, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हो व एंबुलेंस सेवा शुरू की जाय। उमेश खंडूड़ी ने कहा की यदि 5 दिन के भीतर मांगें नहीं मानी गई तो छटवें दिन से आमरण सत्याग्रह शुरू हो जाएगा। उनके साथ चंद्रशेखर मैठाणी,भालचंद्र डिमरी, इंद्रसिंह नेगी, चैतसिंह रावत बलबीर लडोला, हर्षवर्धन डिमरी, मंगी लाल आदि सत्याग्रह पर बैठे रहे। (एजेंसी)

# डीएम ने ली राजस्व स्टॉफ की मासिक समीक्षा बैठक

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली।

जिलाधिकारी ने बैठक में राजस्व व रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा, राजस्व वसूली, विवादित वाद आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर और निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए तहसील स्तर पर नियमित कोर्ट लगाने और 06 माह से अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस को हस्तांतरित होने वाले आपराधिक मामलों को तत्काल हस्तांतरित करें। आयोग से संबंधित शिकायती पत्रों का



समय पर निस्तारण किया जाए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश में फौजदारी अपील, विशेष सत्र परीक्षण, पॉक्सो सहित राजस्व के लंबित पुराने वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। खतौनी पुनरीक्षण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को तहसील स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा करते हुए पुनरीक्षण कार्यो को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विविध देयकों की प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। वाहनों की ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाना के निर्देश दिए। तहसीलों में निर्मित आवासों का कार्मिकों आवंटन किया जाए। कार्मिकों की पेंशन, एसीपी संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें। अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के अंतर्गत स्कूली बच्चों के सभी प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। आपदा प्रभावितों को जिन स्थानों पर विस्थापित किया गया है वहां पर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया जाए। बैठक में राजस्व पुलिस में लम्बित वाद, वाणिज्य कर, स्टांप तथा निबंधन, खनन, आबकारी, ऑडिट आपत्ति, पेंशन प्रकरण, शिकायत प्रकोष्ठ, सीएम हेल्पलाइन आदि प्रकरणों समीक्षा भी की गई।

# डीएम ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




चमोली : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। जिला मजिस्ट्रेट ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। पूरी प्रक्रिया की फोटो, वीडियोग्राफी भी की गई। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सीएस रावत, नायब तहसीलदार दीप्ति शिखा, भाजपा के गोविंद सिंह, कांग्रेस पार्टी के नगर मंत्री मदन लोहानी, आम आदमी पार्टी के अनूप रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### बेस अस्पताल के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिले विधायक

चमोली : कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनसिंह रावत से मुलाकात कर सिमली में बने अस्पताल को पूर्ण बेस अस्पताल में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा है। विधायक ने कहा कि सिमली जनपद चमोली का केंद्र बिंदु है। वहां महिला बेस चिकित्सालय का निर्माण पूरा हो चुका है।

अभी तक वहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। सिमली में चिकित्सालय के पास पर्याप्त परिसर एवं भवन है। जिसमें पूर्ण रूप से बेस अस्पताल का संचालन किया जा सकता है। उन्होंने मंत्री से कहा कि सिमली में बेस अस्पताल बनने से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा और इलाज के लिए श्रीनगर, ऋषिकेश या देहरादून नहीं जाना पड़ेगा। विधायक ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया है साथ ही सीएमओ से इस विषय में प्रस्ताव मांगा है। (एजेंसी)

# ढुंगमंदार के प्राथमिक और इंटर कॉलेजों में शिक्षकों का टोटा

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक के अधिकांश प्राथमिक विद्यालय से लेकर राजकीय इंटर कॉलेज मंदार, सेमंडीधार और जूनियर हाईस्कूल स्यूरी में लंबे समय से शिक्षक नहीं है। स्कूलों में शिक्षक न होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। लेकिन शिक्षा विभाग स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती नहीं कर रहा है। जिस कारण अभिभावकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में रोष बना हुआ है। उन्होंने जल्द शिक्षकों की नियुक्ति न होने पर बेमियादी आंदोलन की चेतावनी दी। जाखणीधार ब्लॉक के ढुंगमंदार पट्टी के प्राथमिक विद्यालय मंदार, चांठी, सेमंडीधार, कस्तल, सिल्ला, स्यूरी, पुजारगांव, पुजारगांव, सारपुल से लेकर खोला नवीन में लंबे समय से एक-एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है। प्राथमिक स्कूल कठूड में दो शिक्षक थे। लेकिन वर्तमान में दोनों शिक्षकों का स्थानांतरण कर दिया है। अटल आदर्श विद्यालय ढुंग में छात्र संख्या 50 है और शिक्षकों के पांच पद सृजित है। लेकिन वर्तमान में शिक्षकों के दो पद खाली है। इसके साथ ही राजकीय इंटर कॉलेज सहायक अध्यापक हिंदी,सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता, इंटर कॉलेज सेमंडीधार में हिंदी,रसायन विज्ञान के प्रवक्ता और गणित, अंग्रेजी, हिंदी के सहायक अध्यापक के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। (एजेंसी)

### सुरंग निर्माण से कम होगी देवप्रयाग से पौड़ी की 15 किमी. दूरी

नई टिहरी : पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी ने मंगलवार को कहा कि देवप्रयाग से मंडल मुख्यालय पौड़ी की दूरी निकट भविष्य में 15 किमी. तक कम हो जाएगी। जबकि दुगड्डा से सतपुली के बीच प्रस्तावित 7 किमी. सुरंग से यातायात काफी सुविधापूर्ण हो जाएगा। देवप्रयाग भ्रमण पर पहुंचे विधायक ने कहा कि जामलाखाल, बलमणा, कोलासू, विदाकोटी देवप्रयाग और ऐराड़ी, नाईं, लीई, धरी, पोखरी, कोठी देवप्रयाग तक सड़क निर्माण पूरा होने पर पौड़ी की दूरी देवप्रयाग से 43 से घटकर 28 किमी रह जाएगी।

इससे ऋषिकेश, देहरादून, दिल्ली निवासी आसानी से पौड़ी पहुंच सकेंगे। जबकि पौड़ी विधानसभा क्षेत्र में रेलवे निर्माण से क्षतिग्रस्त देवप्रयाग पौड़ी मार्ग का 14 किमी और खंतूखाल, जनासू से बिलकेदार मार्ग का 12 किमी डामरीकरण हो रहा है। वहीं कुंडाधार, सबधारखाल मार्ग का 8 किमी और मरोड़ा डाडा नागराजा मार्ग के साढ़े 3 किमी. सड़क के डामरीकरण को भी बजट मंजूर हो चुका है। (एजेंसी)

# राजभवन में हुआ "हरियाली तीज" के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

देहरादून। मंगलवार को राजभवन में भारतीय संस्कृति की प्राचीन त्योहारों में से एक ''हरियाली तीज'' के पावन अवसर पर राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों व अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पत्नियों ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर पारंपरिक तीज उत्सव की महत्ता और भारतीय संस्कृति में इसके महत्व पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने तीज के त्योहार का जीवंत चित्रण किया। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर ने कहा कि तीज महोत्सव महिलाओं के सौंदर्य, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। यह हमें भारतीय संस्कृति की गहराई और विविधता की याद दिलाता है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं दीं और इस पर्व के माध्यम से सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रथम महिला गुरमीत कौर ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संजोए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीज प्रतियोगिता में संतोषी तीज क्वीन बनी।

### भाषण में हिमांशु और अभिषेक रहे अव्वल

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें इतिहास विभाग की विभागीय परिषदीय प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को श्रीदेव सुमन विवि परिसर ऋषिकेश में इतिहास विभाग की विभागीय परिषद के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभागीय परिषद के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। परिसर निदेशक प्रो. महाबीर सिंह रावत ने कहा कि भाषण प्रतियोगिता में बीए षष्ठम् सैमेस्टर के हिमांशु खण्डूडी, बीए चतुर्थ सैमेस्टर के अभिषेक मिश्रा, एमए चतुर्थ सैमेस्टर की अंजली कुकरेती, निबंध प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सैमेस्टर के पवन, एमए द्वितीय सैमेस्टर की रूपा, बीए षष्ठम सैमेस्टर के सुधांशु गौड़, क्विज प्रतियोगिता में एमए द्वितीय सैमेस्टर के पवन, एमए चतुर्थ सैमेस्टर की अंजली कुकरेती, बीए चतुर्थ सैमेस्टर के अभिषेक मिश्रा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल के जरिए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया

ऋषिकेश। पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालवाला में मंगलवार को विज्ञान मेले का आयोजन हुआ, जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने मॉडल के जरिए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बाल विज्ञान मॉडल के बाल वर्ग में आयुष्मान पैन्यूली और किशोर वर्ग में पार्थव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेले का शुभारंभ राइंका तपोवन के प्रधानाचार्य विनोद कुमार बघेल और विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने किया। विनोद कुमार बघेल ने कहा कि विज्ञान मेला छात्रों की वैज्ञानिक सोच में वृद्धि करता है, वैज्ञानिक पद्धति के प्रति रुचि को बढ़ावा देता है। प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि विज्ञान मेला एक रुचिकर एवं शैक्षिक कार्यक्रम है, जो छात्रों की रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करता है। इससे छात्रों के प्रस्तुति कौशल, आत्मविश्वास एवं संचार क्षमताओं का निर्माण होगा। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल, बेताब ऊर्जा संचार, अर्थक्वेक सेंसर, हाइड्रो टैंक, वाटर साइकिल आदि का प्रदर्शन किया।

## नौ अगस्त से ऋषिकेश के सिनेमाघर में प्रदर्शित होगी फिल्म अजाण

ऋषिकेश। ऋषिकेश के सिनेमाघर में नौ अगस्त से उत्तराखंडी थ्रीलर फीचर फिल्म अजाण का प्रदर्शन होगा। मंगलवार को गढ़वाल महासभा ने फिल्म के पोस्टर को लॉन्च कर कलाकारों को सम्मानित किया।

मंगलवार को दून मार्ग स्थित अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के कार्यालय में उत्तराखंडी फीचर फिल्म अजाण के पोस्टर का लोकापर्ण महासभा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी, फिल्म निर्माता एवं मुख्य अभिनेता कुंवर राम नेगी, समाजसेवी उत्तम सिंह असवाल ने सयुंक्त रूप से किया। डॉ. राजे सिंह नेगी ने कहा कि नौ अगस्त यानी शुक्रवार से ऋषिकेश के रामा पैलेस सिनेना हॉल मे सुबह 11 बजे रोजाना एक शो में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। अजाण एक गढ़वाली भाषा की सस्पेंस थ्रीलर फिल्म है, जो उत्तराखंड के पहाड़ी लोगों की ईमानदारी और अपराध शून्य समाज को दर्शाती है। कुंवर राम नेगी ने कहा कि फिल्म की कहानी एक आईबी अधिकारी राम सिंह नेगी के इर्द–गिर्द चलती है, जो कई साल बाद पूजा के लिए अपने गांव आता है। गांव के पास एक टूरिस्ट युवती की लाश मिलती है, जिसके कत्ल के आरोप में गांव के ही दो युवक गिरफ्तार हो जाते हैं। सारे सबूत इन दोनों के खिलाफ हैं, लेकिन गांव वालों और राम सिंह नेगी का विश्वास है कि उनके गांव के बच्चे ऐसा नहीं कर सकते। फिर शुरू होती है इन्वेस्टिगेशन की एक रोमांचक कहानी, जो सस्पेंस और थ्रीलर का पल–पल अहसास कराती है।

## अगस्त माह में होंगे 2 निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सौजन्य से राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विवेकानंद नेत्रालय रामकृष्ण मिशन आश्रम, किशनपुर देहरादून के माध्यम से जनपद रुद्रप्रयाग में माह अगस्त में 02 निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल कुमार गुसाईं ने बताया कि 10 अगस्त को श्री रामकृष्ण विवेकानंद सेवा आश्रम गुप्तकाशी में तथा 16 अगस्त, 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनमानस से इन निःशुल्क शिविरों का लाभ प्राप्त करने की अपील करते हुए बताया कि उक्त शिविरों से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र की आशा फैसिलिटेटर एवं आशा कार्यकत्री से संपर्क कर सकते हैं।

# अक्टूबर में आयोजित होगा अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल

अल्मोड़ा। ग्रीन हिल्स ट्रस्ट के तत्वावधान में साहित्य और कला से समृद्ध द्वितीय अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल 2024 आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन 17 से 19 अक्टूबर 2024 को अल्मोड़ा के ऐतिहासिक मल्ला महल में होगा। इस सम्बन्ध में एक पत्रकार वार्ता में ग्रीन हिल्स की सचिव डॉ वसुधा पंत ने बताया कि तीन दिन तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में साहित्य, संगीत, कला और संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन में पूरे भारत से अनेक संगीतज्ञ, दिग्गज वक्ता, कलाकार, लेखक और कवि प्रतिभाग करेंगे। बताया कि अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विचारों के आदान–प्रदान का रहेगा जो साथ ही साथ अल्मोड़ा की



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भी विश्व के साथ साझा करेगा। इस आयोजन के माध्यम से साहित्यकारों और कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाएगा जो नये परिप्रेक्ष्य में नए विचारों का आदान प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया यह आयोजन ग्रीन हिल्स ट्रस्ट द्वारा आयोजित है जिसके सह प्रायोजक अल्मोड़ा ज़िला प्रशासन व उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद, अनकॉमनसेंस फिल्म, मोक्षम रिसॉर्ट एंड कैंपसाईट, कुमाउंखंड, स्टूडियो बारडो और अल्मोड़ा किताब घर रहेंगे।

इस आयोजन में अनेक प्रकार की कार्यक्रम रहेंगे जो हर उम्र के व्यक्तियों की रुचि के हिसाब से होंगे।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com